राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–265/2023

राज्यपाल ने एशियन गेम्स– 2023 में पहली बार 100 से भी अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी

पटना, 07 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एशियन गेम्स– 2023 में पहली बार 100 से भी अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय टीम ने एशियन गेम्स –2023 में 100 से भी अधिक पदक जीत कर एक ऐतिहासिक और उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। सम्पूर्ण भारत इससे गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा है कि इस सफलता में महिला खिलाड़ियों का भी योगदान स्मरणीय है तथा यह भारत की नारी–शक्ति की असीम ऊर्जा का परिचायक है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से खेल–जगत में राष्ट्र की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

....